**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2186**
**गुरूवार, 16 दिसम्बर, 2021/25 अग्रहायण, 1943 (शक)**

**राष्ट्रीय करियर सेवा के अन्तर्गत निःशुल्क ऑनलाईन करियर (जीविका) कौशल प्रशिक्षण**

**2186. श्री संजय राउतः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने अपनी राष्ट्रीय करियर सेवा परियोजना (एनसीएस) के माध्यम से इस पर पंजीकृत नौकरी की तलाश करने वालों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन करियर कौशल प्रशिक्षण की पेशकश करना शुरू कर दिया है;

(ख) यदि हाँ, तो एनसीएस के प्रारम्भ से अब तक प्रदान की गई रोजगार संबंधी सेवाओं को दर्शाते हुए इसका लाभ प्राप्त करने वाले बेरोजगारों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार देश में रोजगार कार्यालयों के स्तरोन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान कर रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और महाराष्ट्र राज्य में चिन्हित रोजगार कार्यालयों और अब तक जारी की गई राशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) और (ख) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल विविध प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करता है। 24-11-2021 को, 90.47 लाख रिक्तियां जुटाई गई हैं, 9214 परामर्श सत्र आयोजित किए गए, 6464 रोजगार मेले आयोजित किए गए और एनसीएस पोर्टल के माध्यम से 3.16 लाख रोजगार चाहने वालों को अंतिम पेशकश पत्र प्राप्त हुए।

इसके अलावा, भारत सरकार विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से विभिन्न अन्य कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रही है। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत, प्रारंभ से (अर्थात् 2015) 53.26 लाख अभ्यर्थियों को अल्प कालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) के तहत प्रमाणित किया गया है, जिसमें से 23.59 लाख अभ्यर्थियों को नियोजित किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय की दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) योजनाओं के तहत 2016 और उसके बाद से क्रमश: 8.35 लाख और 20.39 लाख अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से क्रमशः 5.82 लाख और 15.53 लाख अभ्यर्थियों को नियोजित किया गया है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की दीन दयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) योजना के तहत 2014 से 5.95 लाख अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के उपरांत नियोजित किया गया है।

एनसीएस टीसीएस-आईओएन और माईक्रोसॉफ्ट इंडिया के सहयोग से ऑनलाइन करियर कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहा है।

(ग) और (घ): एनसीएस परियोजना के आदर्श करियर केंद्र (एमसीसी) घटक के तहत, राज्य सरकारों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अवसंरचना, फर्नीचर और फिक्स्चर, लघु सिविल कार्य और रोजगार मेलों के लिए और रोजगार कार्यालयों के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए तथा प्रतिष्ठित संस्थानों को भी 50 लाख रुपये का एकमुश्त अनुदान (जीआईए) सहायता उपलब्ध करायी जाती है।

एनसीएस परियोजना के इंटरलिंकिंग घटक के तहत रोजगार मेलों के आयोजन के लिए रोजगार कार्यालयों को आपस में जोड़ने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है (2 लाख रु. प्रति रोजगार मेला प्रति जिला प्रति तिमाही), सूचना प्रौद्योगिकी का उन्नयन (आईटी) (3 लाख रु. प्रति रोजगार कार्यालय) और रोजगार कार्यालय का नवीनीकरण (5 लाख रु. प्रति रोजगार कार्यालय)।

महाराष्ट्र राज्य में चिन्हित किए गए रोजगार कार्यालयों और जारी की गई राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | एमसीसी घटक के तहत जीआईए प्रदान किए गए रोजगार कार्यालय/संस्थान का नाम | जारी की गई राशि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | यवतमाल रोजगार कार्यालय | 30.40 |
| 2 | उस्मानाबाद रोजगार कार्यालय | 26.37 |
| 3 | ठाणे रोजगार कार्यालय | 24.79 |
| जारी की गई कुल राशि | | 81.56 |

इसके अलावा एनसीएस परियोजना के इंटरलिंकिंग घटक के तहत महाराष्ट्र राज्य को 359.95 लाख रु. भी जारी किए गए।

*****